# विवेकानंद

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

मनेन्द्रगढ़, जिला - कोरिया (छत्तीसगढ़)

# प्रवेश विवरणिका

2015-16


**VIVEKANAND GOVERNMENT P.G. COLLEGE**

Manendragarh, Dist. - Koria (C.G.) 497442

Tel. : 0771-241250, E-mail : vivekanandcollage1973@gmail.com


Price : 60/-

# विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मनेन्द्रगढ़,

## जिला : कोरिया (छ.ग.)

# प्रवेश विवरणिका

1. आवेदन पत्र भरने से पूर्व विवरणिका को ध्यान से पढ़ें ।
2. आवेदन पत्र में अपना संपर्क नं. अवश्य लिखें ।

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | महाविद्यालय का परिचय | 1 |
| 2. | महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले संकाय एवं विषय समूह | 2 |
| 3. | विषय समूह में निर्धारित सीटों की संख्या | 4 |
| 4. | महाविद्यालय में सुविधाएँ | 6 |
| 5. | प्रवेश संबंधी नियम | 10 |
| 6. | महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश संबंधी नियम | 13 |
| 7. | छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये आचरण–संहिता | 23 |
| 8. | रैगिंग संबंधी परिनियम | 25 |
| 9. | प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की सूची, जनभागीदारी अध्यक्षों की सूची तथा छात्र संघ अध्यक्षों की सूची | 27 |
| 10. | वार्षिक शुल्क विवरण | 28 |

**परिशिष्ट** – प्रवेश आवेदन फार्म, शपथ पत्र, एन.एस.एस.फार्म, एन.सी.सी.फार्म

# प्राचार्य की कलम से ....

सिद्धबाबा की पहाड़ी के तले सुरम्य, सुंदर हरे-भरे वृक्षों के निकट विवेकानंद महाविद्यालय ज्ञान की आभा रश्मियों को बिखेर रहा है । 1105 विद्यार्थी इसका इस सत्र में लाभ प्राप्त कर रहे हैं । कोल फील्ड्स से ज्यादा विद्यार्थी यहां आते हैं । यहाँ छात्रों को जो सुविधायें प्राप्त है उनमें प्लेग्राउण्ड, छात्रावास, पीने के पानी की सुविधा, अच्छे अध्ययन कक्ष, लैब, लायब्रेरी, स्पोर्ट्स सुविधा, एन.सी.सी., एन.एस.एस., रेडक्रास, 4 विषयों में पी.जी., कला, विज्ञान, वाणिज्य में स्नातक कक्षायें में विशेष विषयों में - गृह विज्ञान, संगीत, भूगर्भशास्त्र है । छात्रों को आई कार्ड, लायब्रेरी कार्ड भी देय है । छात्रों को कुछ छात्रवृत्तियां तथा अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों को शासन द्वारा देय कुछ सुविधायें भी प्राप्त है । जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री सरजू यादव जी हैं जो छात्र-हित में निरंतर संलग्न रहते हैं ।

इस वर्ष हम प्रयासरत है कि शीघ्र ही यहाँ एक भव्य गेट, बाउण्ड्रीवाल बन जाये । यहाँ एल.एल.बी तथा विज्ञान एवं कला के विविध विषयों में पी.जी. कक्षायें खुल जायें । इस महाविद्यालय के लिए वर्ष 1973, 1975, 1982, 2006 एवं 2008 ज्यादा उपयोगी सिद्ध हुए हैं । वर्ष 2015 एवं 2016 भी शुभ हो ऐसी मेरी अभीच्छा है । छात्र-हित में इस वर्ष महाविद्यालय में कैमरे लग चुके हैं । पीने के वाटर कूलर 3 सक्रिय हो चुके हैं । छात्रावास में एक हैण्ड पंप सुधारा जा चुका है ।

प्रोजेक्टर द्वारा चुने हुए विषयों में अध्यापन कराये जायेंगें । इस वर्ष ग्रीन बोर्ड एवं स्मार्ट बोर्ड हर कमरे में लगाए जा चुके हैं, बिजली की व्यवस्था का दुरूस्तीकरण जारी है, छात्रावास में हैंड पम्प दुरूस्त कर दिया गया है, परंतु फिर भी पानी की सुयोग्य व्यवस्था करने के लिए प्रयत्न जारी है । यहां के नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा मनमानी की जाती है । कभी इस क्षेत्र के नलों में तीन-तीन दिनों तक पानी हेतु लाईन खोली ही नहीं जाती । कभी सुबह लाईन खोली ही नहीं जाती, कभी सुबह लाईन खोलते हैं, कभी दोपहर को छात्रावास के छात्रों को पानी ठीक से नहीं मिल पाता है । शिकायत करने पर भी कर्मचारी मनमानी करते रहते हैं । यह एक दुःखद सत्य है । नगर निगम के निर्वाचित अध्यक्ष श्री राजू केशरवानी जी बहुत अच्छे हैं, तुरंत पानी की व्यवस्था करवा देते हैं, परंतु कर्मचारी क्यों पाईप लाईन नहीं खोलते, यह समझ से परे है । हमारे विधायक श्री जायसवाल जी महाविद्यालय के हित में लगे रहते है ।

छात्र-छात्राओं को 11.30 से 2.00 बजे के बीच ही पढ़ने की आदत में सुधार करना चाहिए तथा अपनी समस्याओं का निदान प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों से मिलकर करना चाहिए । छात्र-छात्रायें अपनी मार्कशीट स्वयं लेवें, स्वयं अपने फार्म भरें, स्वयं आई कार्ड लेवें, स्वयं अपने लायब्रेरी कार्ड लेवें, एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. में स्वयं रजिस्ट्रेशन करायें किसी दूसरे छात्र या अपने परिजन के माध्यम से यह काम करवाने से बड़ी चूक हो जाती

है तथा गलत विषय भरना, दूसरा कोई मार्कशीट, टी.सी., प्रवेश पत्र ले जाता है। फीस के पैसे कोई अन्य जमा नहीं करता है और फिर परेशान होते है। छात्रायें एवं छात्र अपना काम स्वयं करें तो अच्छा होगा तथा उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। छात्रायें अपने मोबाइल नंबर किसी को सोच-समझ कर ही देवें। मोबाइल में गलत मैसेज आने पर पुलिस में शिकायत करें। छात्रायें स्वयं अपनी मदद छात्राओं की मदद लेकर करें तथा स्वयं को अपनी रक्षा हेतु आपसी सहयोग कर आत्मनिर्भर बनें। छात्रायें अपनी समस्याएं महिला प्राध्यापिकाओं को अवश्य बतलायें तथा अपने परिजनों से कुछ भी न छुपायें क्योंकि परिजन एवं पुलिस ही उनके मुख्य सहयोगी साबित होंगें।

हम महाविद्यालयीन परिवार हैं। हम लोग मिलकर ही महाविद्यालय को विकास की ओर ले जाने में समर्थ होंगें। प्रथम वर्ष के छात्र नामांकन फार्म, एन.सी.सी. तथा एन.एस.एस फार्म अवश्य भरें। कोई भी विषय लेने से पूर्व सुनिश्चित कर लेवें की कौन से विषय लेकर उन्हें पढ़ना है क्योंकि अगले तीन वर्षो में विषय परिवर्तन नहीं किये जा सकेंगें।

मैं सभी छात्र-छात्राओं को नये सत्र 2015-16 हेतु शुभकामनायें देता हूँ तथा आशा करता हूँ कि उनका भावी जीवन सुखद एवं मंगलमय हो तथा साथ ही अपेक्षा भी करता हूं कि वे उच्चतर ऊँचाईयों को छुये, ईश्वर, अल्ला, गॉड, सिख गुरू, गौतम बुद्ध, महावीर, घासीदास, कबीर तथा अन्य शक्तियां उनके अभ्युत्थान में मदद करें।

**डॉ. सुभाष दत्त झा**

प्राचार्य

# मुझे जानें - मैं महाविद्यालय हूँ...

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ उच्चतर शिक्षा का एक सुयोग्य केन्द्र है। इसके जन्म एवं विकास के चार स्तर है -

1. प्रथम स्तर - कोचिंग केन्द्र के रूप में
2. द्वितीय स्तर - प्राईवेट महाविद्यालय के रूप में
3. तृतीय स्तर - शासकीय स्नातक महाविद्यालय के रूप में
4. चतुर्थ स्तर - शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रूप में

प्रथम स्तर के रूप में इसका जन्म 3 जुलाई 1973 ई. में मनेन्द्रगढ़ की मारवाड़ी धर्मशाला अर्थात् राजस्थान भवन के हाल में हुआ, उस समय शाम के पांच बजे थे। सेठ श्री श्याम लाल जी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था। उस समय 63 छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में प्रवेश लिया। यह उस समय एक कोचिंग केन्द्र के रूप में प्रारंभ हुआ था। आज यह स्नातकोत्तर महाविद्यालय है। सब जगह 5 विषयों में पी.जी. होने पर यह दर्जा मिलता है परंतु यहां 4 विषयों में पी.जी. होने पर भी यह दर्जा प्राप्त है।

जुलाई 1974 में यू.जी.सी. अर्थात् विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा अनुदान आयोग भोपाल ने इसे महाविद्यालय के रूप में मान्यता दी। पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा भेजी गई निरीक्षण समिति ने 10 अगस्त 1974 को महाविद्यालय को सम्बद्धता प्रदान की।

महाविद्यालय हेतु एक नये भवन की तलाश की जाने लगी। श्री परमानंद जी ताम्रकार ऐसे समय में आगे आये और उन्होंने महाविद्यालय हेतु 2 एकड़ जमीन अर्पित की। श्री सुन्दरलाल तथा श्री हजारीलाल जी ने भी कुछ जमीन देने की घोषणा की। इसी जमीन पर 17 जुलाई को शाम 7.00 बजे श्री श्याम लाल अग्रवाल जी ने 1974 ई. को बुधवार के दिन महाविद्यालय के भवन की भूमि पूजन की प्रक्रिया पूर्ण की। दिनांक 21.12.1974 से 25.02.1975 तक भवन बनता रहा और अंतत: निर्मित होकर हमारे सामने खड़ा था। अप्रैल 1974 से स्थानांतरित होकर यह नये भवन में आ गया। यह नया भवन वर्तमान में पुराना भवन कहलाता है जो अपने उदर में पुरानी यादों को समेटे हुए है यहां के नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों के कृत्यों के बुद्धिजीवी कदमों को आज भी मधुर झनकार के रूप में स्मरण करता है।

श्री कैलाश चंद गुप्ता, श्री श्याम लाल तथा श्री राम नारायण शर्मा जी द्वारा महाविद्यालय में अध्यापन कक्षों तथा कार्यालय के कक्षों को स्व व्यय से बनवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। धीरे-धीरे यह प्रगति की राह पर बढता ही चला गया। मार्च 1975 में यहां परीक्षा केन्द्र बनाने की स्वीकृति मिली। 1978-79 में यहां चहारदिवारी बनायी गई थी। पहले यह केवल कला संकाय वाला महाविद्यालय था।

1 अक्टूबर 1982 को माननीय मोतीलाल वोरा, शिक्षा मंत्री के समय यह शासकीय महाविद्यालय बन गया। 1983-84 में यहां विज्ञान संकाय खुला तथा 1986-87 में वाणिज्य संकाय, गृह विज्ञान तथा एम.ए. की कक्षायें प्रारंभ की गई।

श्री तेजा सिंह जी ने यहां रसायन विज्ञान की लेबोरेटरी बनवाई। 1987-88 ई. में यहां भू-गर्भ शास्त्र की कक्षायें खुल गई। 1988-89 ई. में एस.ई.सी.एल. ने 4 अध्यापन कक्ष बनवाने में सहयोग दिया।

राजस्व विभाग ने 17.34 एकड़ जमीन देकर नये भवन के लिए एक अच्छी तथा बडी जगह प्रदान कर दी जिस प 08.07.2006 ई. को शनिवार के दिन से नया भवन बनने के शुभारंभ के साथ निर्माण की प्रक्रिया में आ गया जो 27.03.200 को ही यह लोकर्पित कर दिया गया।

इस महाविद्यालय में 4 विषयों में पी.जी.कक्षायें चल रही हैं जिसमें रसायन विज्ञान एम.एस.सी., राजनीति विज्ञान एम.ए., समाजशास्त्र एम.ए. तथा वाणिज्य में एम.काम है। स्नातक कक्षाओं में गृह विज्ञान, संगीत, इतिहास राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, हिन्दी अंग्रेजी में कला संकाय, वाणिज्य संकाय तथा विज्ञान संकाय में रसायन जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा गणित जारी है। यहां भू-गर्भ शास्त्र भी स्नातक स्तर तक पढाया जाता है।

नक्शे में मनेन्द्रगढ़ 23.1922 अक्षांश 82.2003 पूर्व देशांश में मध्य में अवस्थित है। मनेन्द्रगढ एक तहसील स्त का नगर है। यह 10 वर्गकिलोमीटर क्षेत्र में स्थित है इसकी जनसंख्या 33071 है जो 2011 की जनगणना के आधार प आधारित है। यह जिला कोरिया तथा छत्तीसगढ राज्य में अवस्थित है। यहां पर कोरिया के राजा की बडी कृपा रही है उन की स्वप्रेरणा से यह नगर अस्तित्व में आया था। कहा जाता है कि पहले यहां जंगल ही जंगल फैला हुआ था। शेर, भा हिरण, सुअर आदि बहुत थे। एक बार राजा यहां के कारी माटी क्षेत्र में शिकार पर आये जो वर्तमान झगराखंड क्षेत्र में स्थि था वहां आग लग गई फलत: राजा ने सडक के किनारे 15x60 के बहुत से घर बनवाये तथा 1930 में अपने तृतीय प मनेन्द्र प्रताप सिंह के नाम से मनेन्द्रगढ़ नगर का निर्माण किया। पहले उन्होंने धर बनवाकर मुफ्त में बांटे थे। धीरे-ध लोग आते गए ओर कारवां बढता गया। मनेन्द्रगढ में एक रेलवे स्टेशन, एक बस स्टैण्ड, एक एस.ई.सी.एल. का ब हास्पिटल, एक सामुदायिक चिकित्सालय, एक अंध मूक बधिर स्कूल, एक टाकीज (खेडिया), एक अनाथालय, एक च एक सरस्वती कन्या महाविद्यालय, एक स्नातकोत्तर विवेकानंद महाविद्यालय, एक एस.ई.सी.एल. आफिस, एक तहस आफिस, एक वनमंडल कार्यालय, एक आर.एस.एस. कार्यालय, एक समृद्ध मार्केट, एक फासिल्स पार्क, तथा अन्य अ दर्शनीय स्थल भी है। ये सब दिल को मोह लेते है। यहां तथा इसके नजदीक अनेक दर्शनीय स्थल हैं जो प्राकृतिक सुंद के साथ-साथ आपको धर्म, अर्थ, ज्ञान, संस्कृति एवं मनोरंजन के अनेक स्थलों की भरपूर जानकारी देते हैं। प्रमुख दर्श स्थलों को हम इस प्रकार नामांकित कर सकते हैं :-

1. सिद्ध बाबा की पहाड़ी में शिव, भद्रकाली, गणेश जी तथा हनुमान जी भव्य मूर्तियां है। यहां शिवरात्रि को एक मेला भी लगता है।

2. महाविद्यालय के पास पहाड़ की एक गुफा का हनुमान मंदिर।
3. हसिया नाला के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर। वहीं एक पुराना हनुमान मंदिर भी है। यह मंदिर अयोध्या से सीधे नियंत्रित है। यहां प्रतिवर्ष एक बड़े भोज का आयोजन भी किया जाता है।
4. हसदेव नदी के किनारे पुराने फासिल्स दर्शनीय है। यही एक प्रसिद्ध हनुमान जी तथा शिव जी की अच्छी मूर्तियां भी है।
5. स्टेशन के पास भव्य काली जी का मंदिर है।
6. रेस्ट हाउस के पास भव्य सांई मंदिर है।
7. राम मंदिर को यहां निर्मित हुए 50 वर्ष हो गए है। भव्य राम मंदिर में राम सीता एवं लक्ष्मण की भव्य मूर्तियां है।
8. सांई मंदिर का एक तिराहा भी है जो मार्केट का एक सुंदर स्थल है।
9. छोटे मंदिर बहुत से हैं जिसमें हनुमान जी, गणेश जी, कृष्ण जी, शिव जी एवं देवी जी के बहुत से मंदिर है।
10. सिखों का एक बड़ा गुरूद्वारा है जो बड़े सरदार जी द्वारा निर्मित कराया गया है।
11. एक मिशन स्कूल, (चर्च प्रोटेस्टैंट एवं कैथोलिक) भी हैं। आमाखेड़ा चर्च, सेंट्रल चर्च, मोहरपारा चर्च।
12. यहां लगभग 3 या 4 मस्जिदें एवं दो-तीन मजारें भी है - मोहरपारा मस्जिद मजार, अरवबाबा मजार।
13. नजदीक के दर्शनीय स्थलों में जगन्नाथ मंदिर चिरमिरी
14. छिपछिपी देवी।
15. सिरौली का हनुमान मंदिर लगभग 10 किलोमीटर दूर।
16. राजनगर का काली मंदिर।
17. रतनपुर खड़गवां का देवी मंदिर।
18. अमृतधारा प्रपात।
19. शिवधारा अर्थात् जो केल्हारी के पास 15 किलोमीटर दूर तथा मनेन्द्रगढ़ से लगभग 40 किलोमीटर दूर।
20. करम घोंघा जल प्रपात - यह बोरीडांड के पास स्थित है।
21. यहां हसदेव एवं विशाल वोरा नदियों का संगम भी है।
22. आस-पास कोयले की खदानें हैं जो ओपन तथा क्लोज दोनों प्रकार की है।
23. कुछ संकरे तथा कुछ बडे पुल भी दर्शनीय है।
24. एक चंदन वन दर्शनीय है। यह लाई ग्राम के पास है।
25. पिकनिक स्पॉट अनेकों है।
26. वनवासी आश्रम भी प्रेरणास्पद है।

मनेन्द्रगढ़ में अनेकों प्राचार्यो ने महाविद्यालय को आगे बढाने में अपने-अपने ढंग से अनेकों कार्य किये है लेकिन उनके कार्यो का विवरण नहीं दिया जा सकता। अतएव उनके नामों का उल्लेख ही किया जा सकता है।

**प्राचार्यो के नामों की सूची - संलग्न**

**छात्रसंघ अध्यक्षों के नामों की सूची - संलग्न**

**जनभागीदारी समिति के अध्यक्षों की सूची - संलग्न**

महाविद्यालय में एन.सी.सी. की यूनिट है जो कि श्री अशोक वर्मा के प्रभार में सुयोग्यता से संचालित है। महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दो यूनिट्स हैं जिसमें महिला विंग की प्रभारी श्रीमती श्याम सरोजबाला बिश्नोई है तथा पुरूष विंग के प्रभारी की बृजलाल साहू जी है। यहां एक रेडक्रास इकाई भी है। यहां एक जनभागीदारी समिति भी है जो महाविद्यालयीन कार्यो में सहयोग देती है इसमें 22 सदस्य मनोनीत है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयीन कार्यो में सहयोग एवं कार्य संचालन हेतु 30 से ज्यादा समितियां भी क्रियाशील है जिसमें -

1. छात्रसंघ प्रभारी एवं छात्र संघ समिति
2. छात्र प्रवेश समिति
3. रैगिंग निरोधक समिति
4. महिला अत्याचार निरोधक समिति
5. एन.सी.सी. समिति
6. एन.एस.एस. समिति
7. नैक कार्य संपादन हेतु अनेकों सहायक समितियां
8. अंकेक्षण समिति
9. जनभागीदारी समिति
10. अनुशासन समिति
11. खेल समिति
12. ए.एफ. कमेटी
13. छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति, जनजाति समिति
14. शिकायत निवारण समिति
15. परीक्षा समिति
16. टाईम टेबल समिति
17. प्रोक्टर
18. लायबेरी समिति
19. क्रय समिति
20. विक्रय समिति
21. राईट ऑफ कमेटी
22. वाद-विवाद, प्रश्न मंच, निबंध लेखन एवं सांस्कृतिक समिति
23. छात्रावास कमेटी
24. विज्ञान समिति
25. वाणिज्य समिति
26. कला समिति
27. स्नातकोत्तर समिति
28. विभागीय आडिट कमेटी
29. राष्ट्रीय दिवस उत्सव समिति
30. रेडक्रास समिति
31. पर्यटन समिति
32. महाविद्यालयीन फर्नीचर एवं स्टोर समिति
33. पर्यावरण एवं संरक्षण समिति
34. स्वच्छता समिति
35. विद्युत, टेलीफोन एवं कम्प्यूटर समिति
36. कुछ अन्य समितियां भी हैं।

इस महाविद्यालय के नामकरण का सुझाव सर्वप्रथम जिस व्यक्ति ने दिया था उनका नाम था माननीय श्री पृथ्वीराज अरोरा जिसे समिति के सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था।

इस महाविद्यालय को नगर पालिका परिषद के भवन के एक कक्ष के प्रयोग की सहमति जिस व्यक्ति ने दी थी उन सम्माननीय व्यक्ति का नाम है - डॉ. जे.सी. सरकार। ये नगर पालिका अध्यक्ष थे। सर्वप्रथम महाविद्यालय का प्रथम कार्यालय इसी नगर पालिका परिषद का यही भवन था। यहीं सर्वप्रथम प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, यह भी उल्लेखनीय सत्य है कि सर्वप्रथम प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्र का नाम भी आप जानना चाहेंगें। जी हां प्रथम प्रविष्ट छात्र का नाम था - श्री निर्मल कुमार बोथरा जो माननीय श्री किशन लाल जी बोथरा के सुपुत्र थे जो 1998 से राजस्थान में रहने लगे थे।

अध्ययन-अध्यापन के लिए भवन की समस्या का समाधान श्री हरी प्रसाद अग्रवाल जी ने हल कर दिया था उन्होंने ही मारवाड़ी धर्मशाला के प्रथम तल में स्थित भवनों के प्रयोग की अनुमति दे दी। इसी में राजस्थान भवन सभा कक्ष सर्वप्रथम अध्ययन-अध्यापन कक्ष का शुभारंभ कर्ता कक्ष बन गया। गो मुख गंगा के प्रारंभ का जिस प्रकार छोटा स्त्रोत था लेकिन बाद में विशाल गंगा नदी में बदल गया वैसे ही आज हमारा महाविद्यालय 17.34 एकड़ में खड़ा विशाल भवन है।

इस महाविद्यालय को साकार करने वाले पहलकर्त्ताओं में जिन नामों का स्मरण करना बेदह जरूरी है उनमें -

1. श्री पृथ्वीराज अरोरा
2. श्री सांवलिया प्रसाद सोनी
3. श्री श्रवण लाल कक्कड
4. स्व. श्री राम नारायण शर्मा
5. श्री शिवमंगल कुमार श्रीवास्तव
6. डॉ. रामनारायण शुक्ल बिलासपुर
7. स्व. डॉ.जे.सी. सरकार
8. श्री एस.के.श्रीवास्तव
9. श्री राम सिंह अधिवक्ता - समिति के अध्यक्ष
10. डॉ. जे.सी.सरकार - समिति के उपाध्यक्ष
11. श्री टेकचंद जैन - समिति के उपाध्यक्ष
12. श्री श्रवण लाल कक्कड -कोषाध्यक्ष
13. डॉ. राम नारायण शर्मा - सचिव
14. अन्य सदस्यों में डॉ. रामनारायण शुक्ल
15. श्री दुर्गा प्रसाद जायसवाल
16. श्री बाबूलाल जायसवाल
17. डॉ. प्रमोद त्रिवेदी
18. श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल
19. श्री श्रवण कुमार ताम्रकार
20. श्री ऋषभ कुमार जैन अधिवक्ता तथा
21. डॉ. राम जी लाल अग्रवाल आदि सदस्य थे
22. श्री श्याम सुंदर अग्रवाल
23. श्री आर.एन. गुप्ता
24. श्री आर.के. कुलमित्र
25. कार्यालयीन हेतु श्री पदम चंद अग्रवाल
26. भृत्य श्री हृदय राम गुप्ता जो आज भी सेवारत है।
27. श्री सुन्दर लाल
28. श्री हजारी लाल
29. सेठ श्री श्यामलाल जी अग्रवाल
30. श्री कैलाश चन्द गुप्ता
31. छात्र एम. सुभाष शर्मा
32. पूनमचंद अग्रवाल - अध्यक्ष
33. हरिचरण सिंह खनूजा - उपाध्यक्ष
34. कैलाश कुमार अग्रवाल - सचिव

35. कु. चित्र रेखादास - सहसचिव

36. गिरीश उपाध्याय - सांस्कृतिक सचिव

क्रमांक 31 से 36 के मध्य उल्लिखित छात्र-छात्राओं ने परीक्षा केन्द्र बनवाने हेतु 1000 रूपये इकट्ठे कर प्रेषित किये थे।

37. श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता - फर्नीचर निर्माण हेतु

38. श्री हेमकरण अग्रवाल

39. श्री हरिप्रसाद बुधिया

40. श्री राम सिंह

41. सरदार सुरजीत सिंह

42. श्री हनुमान प्रसाद

43. श्री ज्ञान चन्द्र

44. श्री लाल चन्द (सूरजपुर)

45. श्री राधेश्याम वाटिया

46. श्री अमीर चन्द

47. छात्र संघ अध्यक्ष - सरदार बलवीर सिंह एव सहयोगी - चहारदिवारी हेतु

48. श्री हरी प्रसाद अग्रवाल - अनुदान स्वीकृत

49. श्री गुलाब गुप्ता

50. सरदार जसवीर सिंह - दीवार निर्माण

51. रामानुज अग्रवाल - शासनाधीन करवाना

52. श्री आर.पी.बगई (कलेक्टर सरगुजा)

53. श्री के.पी. शुक्ला

# शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़

जिला कोरिया

के निर्माण कार्य का

# शुभारम्भ

माननीय - सुश्री लता उसेंडी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
महिला एवं बाल विकास समाज कल्याण छ.ग.शासन के
मुख्य आतिथ्य में

एवं

माननीय - डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छ.ग. शासन
के अध्यक्षता में एवं

माननीय - श्री पुन्नूलाल मोहले,
सांसद बिलासपुर

माननीय - श्री गुलाब सिंह
विधायक, मनेन्द्रगढ़

के

विशिष्ट आतिथ्य में

शनिवार, दिनांक 08.07.2006 को सम्पन्न हुआ।

छत्तीसगढ शासन लोक निर्माण विभाग

# जिला कोरिया के विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भवन मनेन्द्रगढ़ का

# लोकार्पण

माननीय - डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी
उच्च शिक्षा मंत्री, छ.ग. शासन के
मुख्य आतिथ्य में

माननीय - श्रीमती रेणुका सिंह
उपाध्यक्ष, सरगुजा, जशपुर, कोरिया विकास प्राधिकरण
की अध्यक्षता में

माननीय - श्री रणविजय सिंह जूदेव
अध्यक्ष खेल एवं युवा आयोग छ.ग. शासन

माननीय - श्री गुलाब सिंह
विधायक, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा

माननीय - श्री मनोज कुमार त्रिपाठी
अध्यक्ष जनभागीदारी समिति,
विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़
के
विशिष्ट आतिथ्य में
शनिवार, दिनांक 27 सितम्बर 2008 को सम्पन्न हुआ।

# महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले संकाय एवं विषय समूह

## कला संकाय

1. **बी.ए. भाग–एक**

   अ. अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम के विषय हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा

   ब. पर्यावरण विज्ञान

   स. ऐच्छिक विषय - निम्नांकित विषयों में से किन्हीं तीन विषयों का चयन करें।

   1. हिन्दी साहित्य 2. समाज शास्त्र 3. राजनीति शास्त्र
   4. अर्थशास्त्र 5. अंग्रेजी साहित्य 6. गृहविज्ञान
   7. संगीत 8. इतिहास

   बी.ए. पाठ्यक्रम के तीनों वर्षों के लिये विषय एक ही होंगे, विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जा सकेगा।

2. **बी.ए. भाग–दो**

   बी.ए. भाग-दो में वे ही विषय लेने होंगे, जो बी.ए. भाग-एक में लिये गये थे ।

3. **बी.ए. भाग–तीन**

   बी.ए. भाग-तीन में वे ही विषय लेने होंगे जो बी.ए. भाग-2 में लिये गये हो एवं महाविद्यालय के विषय समूह के अंतर्गत हो।

4. **स्नातकोत्तर कक्षाएं (एम.ए)**

   कला संकाय के निम्नलिखित विषयों में स्नातकोत्तर अध्ययन की व्यवस्था है -

   1. राजनीति शास्त्र 2. समाज शास्त्र

## विज्ञान संकाय

1. **बी.एस–सी. भाग–एक**

   अ. अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम के विषय हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा

   ब. पर्यावरण विज्ञान

   स. ऐच्छिक विषय - निम्नलिखित विषय समूहों में से कोई एक समूह -

   1. भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, भूगर्भ शास्त्र।

   2. वनस्पति शास्त्र, प्राणिशास्त्र, रसायनशास्त्र।

2. **बी.एस–सी. भाग–दो**

   बी.एस.-सी. भाग-एक के लिये गये विषय ही लेना होगा।

3. **बी.एस–सी. भाग–तीन**

   बी.एस.-सी. भाग-दो में लिये गये विषय ही लेना होगा।

4. **एम.एस.सी. – रसायन शास्त्र पूर्व / अंतिम**

   अनिवार्य विषय

# वाणिज्य संकाय

1. **बी.काम. भाग–एक**
   - अ. अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम - हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाष
   - ब. पर्यावरण विज्ञान
   - स. अनिवार्य समूह -
     1. वित्तीय लेखांकन एवं व्यावसायिक गणि
     2. व्यवसायिक संचार एवं व्यावसायिक नियम
     3. व्यावसायिक अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक

2. **बी.काम भाग–दो**
   - अ. अनिवार्य विषय - आधार पाठ्यक्रम - हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भाषा
   - ब. अनिवार्य समूह -
     1. निगमित लेखा एवं लागत लेखांकन
     2. व्यावसायिक सांख्यिकीय एवं उद्यमिता के
     3. व्यवसाय प्रबंध एवं कम्पनी अधिनियम

3. **बी.काम. भाग–तीन**
   - अ. अनिवार्य विषय - आधारभूत पाठ्यक्रम - हिन्दी भाषा, अंग्रेजी भ
   - ब. अनिवार्य समूह
     1. आयकर (प्रत्यक्ष कर)
     2. अप्रत्यक्ष कर
     3. प्रबंधकीय लेखांकन

     वैकल्पिक
     1. वित्तीय प्रबंध
     2. वित्तीय बाजार संचालन
     4. अंकेक्षण

4. **M.Com Privious**
   - (1) Managrial Economics ____ Compulsory
   - (2) Advanced Accounting ____ Compulsory
   - (3) Income Tax and Tax Planing ____ Compulsory
   - (4) International Marketing ____ Optional
   - (5) Financial Managment ____ Optional

4. **M.Com Final**
   - (1) Managrial Concepts adn Orgnization cehaviour ____ Con
   - (2) Statisical Analysis ____ Con
   - (3) Corporate legal frame work ____ Con
   - (4) Accounting for manageral Decisions ____ Opti
   - (5) Advanced cost accounting ____ Opti

# विषय समूह में निर्धारित सीटों की संख्या

| संकाय : स्तर/कक्षा | विषय | निर्धारित सीट संख्या |
|---|---|---|

## कला संकाय

### स्नातक :

| | | |
|---|---|---|
| बी.ए. भाग–एक | आधार पाठ्यक्रम, पर्यावरण अध्ययन हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र, इतिहास, अंग्रजी साहित्य, गृहविज्ञान, संगीत ( सितार ) | 320 |
| बी.ए. भाग–दो | आधार पाठ्यक्रम, पर्यावरण अध्ययन हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र | 320 |
| बी.ए. भाग–तीन | आधार पाठ्यक्रम, पर्यावरण अध्ययन, हिन्दी साहित्य, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र | 320 |

### स्नातकोत्तर :

| | | |
|---|---|---|
| एम.ए. पूर्व राजनीति शास्त्र | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 6 |
| एम.ए. पूर्व समाजशास्त्र | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 4 |
| एम.ए. अंतिम समाजशास्त्र | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 4 |
| एम.ए. अंतिम राजनीति शास्त्र | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 6 |

## वाणिज्य संकाय

### स्नातक

| | | |
|---|---|---|
| बी.काम. भाग–एक | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 1 |
| बी.काम. भाग–दो | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 1 |
| बी.काम. भाग–तीन | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 1 |

### स्नातकोत्तर

| | | |
|---|---|---|
| एम.काम. पूर्व | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 4 |
| एम.काम. अंतिम | सभी अनिवार्य एवं एच्छिक विषय | 4 |

# विज्ञान संकाय

## स्नातक

| | |
|---|---|
| बी.एस.सी. भाग–एक | आधार पाठ्यक्रम, पर्यावरण अध्ययन<br>भौतिक शास्त्र, गणित, वनस्पति शा<br>प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र, भूगर्भ |
| बी.एस.सी. भाग–दो | आधार पाठ्यक्रम, पर्यावरण अध्ययन<br>भौतिक शास्त्र, गणित, वनस्पति शा<br>प्राणी शास्त्र,रसायन शास्त्र, भूगर्भ |
| बी.एस.सी. भाग–तीन | आधार पाठ्यक्रम, पर्यावरण अध्ययन<br>भौतिक शास्त्र, गणित, वनस्पति शा<br>प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र, भूगर्भ |

## स्नातकोत्तर

| | |
|---|---|
| एम.एस.सी. पूर्व रसायन शास्त्र | सभी अनिवार्य विषय |
| एम.एस.सी. अंतिम रसायन शास्त्र | सभी अनिवार्य विषय |

# महाविद्यालय में सुविधाएँ

## राष्ट्रीय सेवा योजना :

महाविद्यालय में 100 छात्रों तथा 100 छात्राओं की पुरूष एवं महिला इकाई की स्थापना राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा की गई है। राष्ट्रीय विकास में छात्रों के रचनात्मक सहयोग एवं ग्रामीण शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। छात्र–छात्राओं के महाविद्यालय सत्र प्रारंभ होने के एक माह के अंदर निर्धारित आवेदन पत्र देकर नामांकन करना होगा। निश्चित तिथि के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के लिये प्रवेश प्राप्त छात्रों की सूचना प्रकाशित कर दी जावेगी। प्रत्येक छात्र को कम से कम एक शिविर में भाग लेने पर रासेयो प्रमाण पत्र की पात्रता होगी । एन.एस.एस. में 'बी' तथा 'सी' सर्टिफिकेट प्रदान करने की व्यवस्था है, इसके लिये सत्रांत में होने वाले रासेयो कार्यक्रम परीक्षा में उत्तीर्ण होने आवश्यक है। यह कार्यक्रम प्रायः अवकाश के दिनों में संचालित होता है। अतः रविवार एवं अन्य छुट्टियों के दिन नगर के निकटस्थ गांव में समाज सेवा हेतु अपने वाहन से जाना होगा। रासेयो में अनुशासन आवश्यक है। छात्र छात्राओं के आचरण ठीक न होने पर कार्यक्रम अधिकारी उन्हें अलग कर सकेंगे।

## ग्रंथालय विभाग

महाविद्यालय में एक समृद्ध ग्रंथालय है। वर्तमान में 40000 ( चालीस हजार) से अधिक पुस्तके स्नातक/स्नातकोत्तर की है। ग्रंथालय में विभिन्न में समाचार पत्र, पत्रिकाएं एवं कई शोध, जर्नल्स भी मंगाये जाते है। अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र छात्राओं के लिये निःशुल्क पुस्तकें, प्रदान करने की बुक – बैंक योजना कार्यान्वित की जाती है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति / जनजाति के छात्र/छात्राओं को संत्रांत तक छात्रों के बीच एक सेट पुस्तकें निःशुल्क प्रदान की जाती है। जिन्हें परीक्षा उपरांत वापस लिया जाता है। सामान्य छात्र / छात्राओं को नियमानुसार ग्रंथालय से पुस्तकें प्रदान की जाती है ।

1. पुस्तकालय में पुस्तकों का निर्गमन तथा वापस लेना ग्रंथालय के नियंत्रण में रहता है । जिसके लिये उनके द्वारा निर्धारित नियमों का पालन आवश्यक है। नियमोल्लंघन करने पर छात्र दण्डित होंगे ।
2. ग्रंथालय में विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं के पठन की सुविधा है ।
3. ग्रंथालय में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को 15 दिनों के लिये तीन पुस्तक निर्गमित की जावेगी।
4. ग्रंथालय से ली गई पुस्तक यदि 15 दिनों के बाद न लौटाई गई तो प्रति पुस्तक प्रतिदिन 1.00 के हिसाब से अर्थदण्ड देय होगा । जिसका भुगतान शिक्षण शुल्क की किश्त के साथ अनिवार्य रूप से करना होगा । पुस्तकों को पुनः निर्गम कराने का नियम है ।

## शुल्क मुक्ति एवं अन्य सुविधाएं -

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अन्य नियमों के अनुसार छात्रों की शुल्क आदि में निम्नलिखत
जाती है, जिसे राज्य के शासकीय महाविद्यालय में लागू किया गया है ।

1. **भातृ / भागिनी सुविधा**

यदि महाविद्यालय में दो अधिक भाई / बहिन नियमित छात्र हो तो बड़े को पूर्ण शुल्क देना
लिये छात्र प्रवेश के तुरंत बाद आवेदन करें ।

2. **शासकीय कर्मचारियों के पुत्र / पुत्रियों के लिये सुविधा –**

अ) शासकीय कर्मचारियों के पुत्र / पुत्रियों की सुविधा / चतुर्थ श्रेणी के शासकीय
सभी वर्ग के मृत कर्मचारियों के बच्चों का शिक्षण शुल्क स्नातक स्तर तक
माता–पिता का सेवा प्रमाण पत्र दो प्रतियों में प्रस्तुत करें ।

1) ऐस छात्रों को निर्धारित प्रपत्र भरकर अपने माता/पिता के विभागीय प्रमु
के साथ प्रवेश के समय प्रस्तुत करना चाहिये ।

2) यह सुविधा किसी भी अनुत्तीर्ण छात्र को नहीं मिलती परंतु उत्तीर्ण हो
कक्षा में पुनः प्राप्त हो सकती है ।

3) सदाचार नियमित उपस्थिति एवं संतोषजनक प्रगति के आधार पर ही
रहेगी। हड़ताल एवं अन्य विध्वंसक कार्यो में भाग लेने वाले छात्रों से
ले ली जावेगी ।

3. **छात्र सहायता निधि –**

योग्य तथा निर्धन छात्रों को छात्र सहायता निधि से पुस्तक आदि क्रय करने के लिये
है ।

## संस्था में उपलब्ध खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी

महाविद्यालय में प्रशिक्षित क्रीड़ाधिकारी के निर्देशन में विभिन्न खेलों की सुविधा उपलब
रूप से बास्केटबाल, बेसबाल, व्हालीबाल, क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, खो–खो, एथलेटिक्स
कुश्ती आदि खेल प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में सम्पन्न कराये जाते है। नवीन महाविद्यालय परिसर
मैदान उपलब्ध है। जिसमें निश्चित रूप से खिलाडियों को नियमित अभ्यास का पर्याप्त अवस
इसमें महाविद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तर में अपनी प्रतिभा का
कर सकेंगे । महाविद्यालय मे सर्वसुविधा युक्त जिम है। जिसमें छात्रों को भरपूर लाभ मिलेग

## प्रतियोगिता परीक्षा परिसर :

यू.जी.सी. द्वारा बनाये गये नियमों और निर्देशों के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु
स्थापना की गई है।। इसका उद्देश्य निर्धन तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता देना है ।
परीक्षाओं के लिए तैयार करना है ताकि वे पढ़ाई के साथ–साथ नाकरी हेतु भी प्रयास क
बैंकिंग, रेलवे, पी.एस.सी. आदि परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

## सायकल स्टेण्ड :

महाविद्यालय में साइकल स्टेण्ड की व्यवस्था है। सभी साइकल स्टेण्ड पर ही रखी जायेगी । कोइ बरामदा या कमरा, पोर्च आदि में साइकल रखने पर दण्ड का भागी होगा । अन्यत्र साइकल रखने प होती है तो महाविद्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी ।

## अनुशासन व्यवस्था एवं प्राक्टोरियल बोर्ड :

महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था और अनुशासनहीनता के मामलों की जांच एवं निर्णय के प्राक्टोरियल बोर्ड रहेगा ।

## रेडक्रास सोसायटी :

महाविद्यालय में एक पुरूष इकाई कार्यरत है इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को सेवा के कार्य का प्रशिक्षण उपचार की जानकारी, रक्त वर्ग परीक्षण, रक्तदान हेतु प्रोत्साहन दिया जाता है ।

## परिचय पत्र (Identity Card) :

1. परिचय पत्र महाविद्यालय के छात्रों के लिये अनिवार्य है। महाविद्यालय में प्रवेश करते समय में प्रत्येक छात्र/छात्रा को परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य है।
2. महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न कर व देना आवश्यक होगा, ताकि प्रवेश पत्र के साथ परिचय पत्र भी छात्रों को प्राप्त हो सके।
3. परिचय पत्र को सावधानी पूर्वक सुरक्षित रखना छात्र–छात्राओं का कर्त्तव्य है।
4. महाविद्यालय में प्रवेश करते समय, प्रत्येक समारोह एवं उत्सव में सम्मिलित होते समय छ परिचय पत्र साथ रखना होगा।
5. महाविद्यालय के किसी भी अधिकारी द्वारा परिचय पत्र की मांग करने पर प्रस्तुत करना अनि
6. परिचय पत्र हस्तांतरण योग्य नहीं है। छात्र को यह निर्देश बाध्यकारी होगा, अन्यथा छात्र दण्ड का होगा।
7. परिचय पत्र खो जाने पर 10/– रूपये शुल्क तथा दो प्रतियां पासपोर्ट साईज फोटो जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा, परन्तु नया परिचय–पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जावेग

## उपस्थिति :

प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक विषय / एन.एस.एस. में 75प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसके वह विश्वविद्यालय परीक्षाओं से वंचित हो सकता है ।

समय–समय पर उपस्थिति के आंकड़ों की जानकारी प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी का उत्तरदायित्व होगा । तत्संबंधी जानकारी उन्हें प्राध्यापकों तथा विभागाध्यक्षों से संपर्क प्राप्त क चाहिये। उपस्थिति में कर्मी के संबंध में महाविद्यालय, विद्यार्थी या उनके पालकों को सूचना देने उत्तरदायी नहीं है ।

जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 60 प्रतिशत से कम होगी, उनके परीक्षा के आवे
अग्रेषित नहीं किये जावेंगे ।

## स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रयोगशाला सुविधा :

1. परिस्थिति एवं उपलब्ध साधनों के परिपेक्ष्य में प्राचार्य द्वारा लिये निर्णयानुसार निर्धारित मार्गदर्शक सिद्धांत के अनुसार ही होगा ।

2. प्रवेशार्थियों की न्यूनतम संख्या एवं अधिकतम संख्या का निर्धारण विभागाध्यक्ष/ ही तय की जावेगी ।

3. स्वाध्यायी छात्रों एवं छात्राओं का पुस्तकालय से पुस्तकें नहीं दी जावेगी ।

4. चयनित प्रवेशार्थियों का निम्नानुसार शुल्क का एक किश्त में संपूर्ण रूप से पटाने हेतु प्रवेश माना जावेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | प्रयोगशाला शुल्क | – | 90.00 |
| 2) | टूट–फूट सामग्री शुल्क | – | 60.00 |
| 3) | सुरक्षा निधि | – | 100.00 |
| | | **कुल रूपये** | **250.00** |

5. स्वाध्यायी छात्रों एवं छात्राओं को वे सभी सुविधायें प्राप्त होगी जो नियमित छात्रों व ज्ञात होना चाहिए कि वे नियमित नहीं है । अतएव नियमित छात्रों के समान मत प्राप्त करना, पुस्तकें प्राप्त करना, आई.कार्ड प्राप्त करना, सांस्कृतिक, खेलकूद प्रा लेना, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के छात्र होना, अध्ययन सुविधा आदि प्राप्त नहीं ह को पृथक से परीक्षा फार्म भरना होगा तथा जो शुल्क वि.वि./महाविद्यालय को देय हो प्रकार की असुविधा होने पर वे अपने विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/कार्यालयीन कर्मचारियों र में मदद प्राप्त कर सकते हैं । किसी भी प्रकार से अनुशासन भंग नहीं हो, ऐसी अ बाहरी छात्रों का, व्यक्तियों का प्रवेश महाविद्यालय में निषिद्ध है ।

# प्रवेश संबंधी नियम

## प्रवेश तिथि :

छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में प्रवे छात्र–छात्रा को प्रवेश समिति के सम्मुख के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रवेश समिति द्वारा छात्रो प्रवीणता तथा दस्तावेजों के आधार पर चयन कर तथा प्राचार्य की स्वीकृति मिल जाने पर छात्र–छात्रा व सकेगा।

प्रवेश की स्वीकृति मिलते ही छात्र/छात्रा को 7 दिन के भीतर अथवा निर्दिष्ट समय में प्रवेश शुल्क पट

## प्रवेश पात्रता :

विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार महाविद्यालय में निम्नलिखित योग्यता वाले छात्र–छात्रा प्रवेश पा

1. बी.ए., बी.काम एवं बी.एस.–सी.भाग–1

   माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर (छ.ग.) या किसी माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित उच्चत परीक्षा 12वीं उत्तीर्ण हो या विश्वविद्यालय द्वारा मान्य समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2. बी.ए. बी.कॉम एवं बी.एस.सी. भाग–2

   क. बी.ए. बी.काम एवं बी.एस–सी.भाग–1 की परीक्षा उत्तीर्ण हो। या

   ख. विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।

3. बी.ए. बी.कॉम एवं बी.एस.सी. भाग–3

   क. बी.ए. बी.काम एवं बी.एस–सी.भाग–2 की परीक्षा उत्तीर्ण हो। या

   ख. समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।

4. एम.ए. एम.काम एवं एम.एस.–सी पूर्व

   क. विश्वविद्यालय की बी.ए.,बी.काम. या बी.एस.–सी.भाग–3 परीक्षा उत्तीर्ण हो। या

   ख. समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।

5. एम.ए. एम.काम एवं एम.एस.–सी अंतिम

   क. विश्वविद्यालय की एम.ए. एम.काम.या एम.एस.–सी. पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण हो।या

   ख. विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो।

## प्रवेश नियम (Admission Rules) :

1. महाविद्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक प्रत्याशी को निर्धारित आवेदन पत्र भरकर देना होगा। आवेदन पत्र छात्र के हस्ताक्षर से जमा करना अनिवार्य है।

2. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

   (1) स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate)

   (2) अंकसूची (अंतिम परीक्षा दो प्रतियां)में स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित सत्य प्रतिलिपि/ फोटो स्टेट कापी

   (3) चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate)

नियमित छात्रों को पूर्व के प्राचार्य के द्वारा हस्ताक्षरित चरित्र प्रमाण
छात्रों के लिए किन्हीं दो उत्तरदायी नागरिकों से चरित्र प्रमाण–पत्र र
की मूल प्रति ही संलग्न करें।

(4) प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति सरगुजा वि
बाहर से आये छात्रों के लिए।

(5) अंतिम परीक्षा के प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवश्यकता पड़ने पर मह
करना अनिवार्य होगा।

(6) पासपोर्ट आकार के दो चित्र।

(7) जाति प्रमाण पत्र केवल अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं अन्य पिछड़ा
राजस्व अधिकारी या तहसीलदार द्वारा प्रदत्त।

(8) जन्म तिथि प्रमाण पत्र इसके लिए उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के प्रमा
होगी ।

**नोट :** 1. अनुत्तीर्ण, पूरक तथा विश्वविद्यालयीन परीक्षा में नकल करते पकड़े ग
दिया जायेगा।

2. अपूर्ण, असत्य एवं भ्रामक जानकारी के आधार पर प्राप्त प्रवेश सूचना
एवं उसका दायित्व छात्र का होगा, ऐसी स्थिति में उसके द्वारा जमा क

3. उपर्युक्त प्रमाण पत्र के अभाव में प्रवेश रद्द हो जायेगा।

4. छात्र का आचरण अर्हता आदि से संबंधित आपत्ति होने पर प्राचार्य ऐसे
के लिए अपात्र घोषित कर सकते है।

5. महाविद्यालय के शुल्क एवं आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत करने पर ही छा
महाविद्यालय को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये प्रवेश से
दे।

6. जिस छात्र का प्रवेश स्वीकार हो जायेगा उसे प्रवेश की रसीद /परि
इन दोनों को वर्ष भर सुरक्षित रखना चाहिए।

7. आवेदन पत्र में छात्र का नाम सही होना चाहिये जो उच्चतर माध्यमिक
में अंकित हो। नाम परिवर्तन के इच्छुक छात्र /छात्रा को पांच रूपये के
न्यायाधीश की अदालत में शपथ पत्र (Affidavit) देकर नत्थी करना

8. छात्र द्वारा आवेदन पत्र में दर्शाये स्थायी एवं वर्तमान पते में यदि किसी प्र
सूचना प्राचार्य को तत्काल देना अनिवार्य है।

9. छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रवेश नियमों का पाल

## शुल्क विनियम :

1. एक बार कोई शुल्क पट जाने के बाद वह किसी भी प्रकार वापस नहीं हो सके

2. एक बार किसी छात्र का महाविद्यालय में प्रवेश हो जाने के पश्चात् शासकीय अनु
का सभी शुल्क पटाना पड़ेगा, चाहे वह जिस तिथि को प्रवेश ले एवं महाविद्या

3. संस्था छोड़ने के दो वर्ष बाद किसी प्रकार की राशि वापस नहीं की जायेगी।

4. छात्रों को सलाह दी जाती है कि शुल्क पटाने के बाद रसीद का ठीक से निरीक्षण
रखें। जो भी शुल्क या किसी प्रकार की अन्य धनराशि इस महाविद्यालय में किस

की जाये, उसकी रसीद नियमानुसार प्राप्त कर लेनी चाहिए। अन्यथा उसका उत्तरदायित्व जमा करने वाले व्यक्ति का ही होगा।

5. परीक्षा फार्म जमा करने के पूर्व विश्वविद्यालयीन शुल्क भी जमा करना होगा।

## संस्था छोड़ने हेतु नियम :

यदि कोई छात्र मध्य सत्र में संस्था त्यागने और दूसरी संस्था में प्रवेश लेने की इच्छा करता है तो उसे विश्वविद्यालय अधिनियमानुसार निम्न कार्यवाही पूरी करनी होगी।

(अ) संस्था त्यागने के उद्देश्य की लिखित सूचना करनी होगी।

(ब) समस्त शुल्कों को जमा करना होगा।

(स) उक्त सम्पूर्ण सत्र का पूर्ण शुल्क उसे महाविद्यालय को देना पड़ेगा।

(द) महाविद्यालय से प्राप्त अन्य सहायता, निःशुल्क शिक्षा या छात्रवृत्ति आदि की राशि लौटानी होगी।

(च) निःशेष प्रमाण–पत्र (No Dues Certificate) प्रस्तुत करना होगा।

(छ) स्थानांतरण प्रमाण–पत्र या आचरण प्रमाण–पत्र की दूसरी प्रति चाहने वाले छात्रों को 05/– रूपये का चालान जमा करना होगा तथा कारण बताते हुए थाने में एफ.आई.आर. की प्रति एवं एफीडेविड न्यायालय से बना प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(ज) समावधान निधि की वापसी महाविद्यालय छोड़ने पर टी.सी. लेते समय ही होगी बशर्ते अपनी रसीद प्रस्तुत करें। समावधान निधि की वापसी महाविद्यालय छोड़ने के छः माह बाद नहीं की जायेगी।

## विश्वविद्यालय नामांकन : (नवीन छात्र/छात्रा हेतु अनिवार्य)

1. विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु समय पर आवश्यक आवेदन पत्र भर कर नामांकन करा लेने का उत्तरदायित्व छात्रा का होगा। प्रवेश के बाद नामांकन फार्म महाविद्यालय में निर्धारित अवधि में भरना होगा।

2. स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए नामांकन एवं परीक्षा फार्म छात्रों को स्वयं प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा में जमा करना अनिवार्य होगा।

# महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित प्रवेश संबंध

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

छत्तीसगढ़ के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों की स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के

**(2013–14 के लिये शासन द्वारा प्रवेश नियमों में जो संशोधन किया जायेगा वह**

## 1. प्रयुक्ति :

1.1 यह मार्गदर्शक सिद्धांत छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग. अधिनियम 1973 के तहत अध्यादेश क्र. 6 एवं 7 के प्रावधान के साथ सहपाठित करते हुए समस्त प्राचार्य इनका पालन सुनिश्चित करेंगें ।

1.2 प्रवेश के नियमों को शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों को कड़ाई से पालन करना से आशय स्नातक कक्षा के प्रथम वर्ष अथवा प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर कक्षा के सेमेस्टर से है ।

## 2. प्रवेश की तिथि :

### 2.1 प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र जमा करना :

महाविद्यालय में प्रवेश के लिये अस्थायी प्रवेश महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा निर्धारित आवेदन प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित दिनांक तक जमा किये जायेंगे । विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए जमा करने की अंतिम तिथि महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सूचना पटल पर कम से कम सात दि जायेगी । प्रवेश बोर्ड / वि.वि. द्वारा अंकसूची प्रदान न किये जाने की स्थिति में पूर्व संस्था से द्वारा प्रमाणित किये जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन–पत्र जमा किये जावें।

### 2.2 प्रवेश हेतु अंतिम तिथि निर्धारित करना :

स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर 31 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं तथा 14 अगस्त तक कुलपति की प्रतिवर्ष प्राचार्य प्रवेश देने में सक्षम होंगे । परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित होने की स्थिति अंतिम तिथि महाविद्यालय में परीक्षा परिणाम प्राप्त होने की तिथि से 10 दिन तक अथवा वि.वि. परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिन तक जो भी पहले हो मान्य होगी । कंडिका 1(क) में उल्लेखित कर्मचारियों के स्थानांतरित होने पर प्रवेश की अंतिम तिथी के बाद प्रवेश चाहने पुत्र / पुत्रियों के स्थान रिक्त होने पर ही सत्र के दौरान प्रवेश दिया जाये किन्तु इसके लिये कार्यभार ग्रहण करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने एवं आवेदक का प्रवेश हेतु निर्धारित अंतिम अन्य महाविद्यालय में प्रवेश होने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जायेगा ।

स्पष्टीकरण :–

आवेदक 'क' ने किसी अन्यत्र स्थान (अ) के महाविद्यालय में नियमानुसार किसी कक्षा में प्रवेश । उसके बाद उसके पालक का स्थानांतरण स्थान 'ब' में हो गया, इस स्थान (ब) के किसी महाविद्यालय में अब प्रवेश लेना चाहता है, रिक्त स्थान होने पर ही उसे प्रवेश दिया जायेगा । आवेदक (अ) के जहां उसके पालक कार्यरत थे, किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया किन्तु पालक (ब) में स्थानांतरण होते ही, स्थान (ब) के किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, अतः लिये निर्धारित अंतिम तिथि निकल जाने के बाद आवेदक (ख) को प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा

### 2.3 पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों के लिये प्रवेश की अंतिम तिथि स्पेश निर्धारि करना:–

विधि संकाय के अतिरिक्त अन्य संकायों में पुनर्मूल्यांकन में उत्तीर्ण छात्रों को पुनमूल्यांकन के परिणाम घोषि होने के 15 दिन तक संबंधित विश्वविद्यालय के कुलपति की अनुमति के पश्चात गुणानुक्रम में आने पर प्रवे की पात्रता होगी । किन्तु विधि संकाय की कक्षाओं में गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश की पात्रता होने भी महाविद्यालय में स्थान रिक्त होने पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

## 3. प्रवेश संख्या का निर्धारण :

3.1 महाविद्यालयों में उपलब्ध साधनों तथा कक्षा में बैठने की व्यवस्था, प्रयोगशाला में उपलब्ध उपकरण/उपय योग्य सामग्री एवं स्टाफ की उपलब्धता आदि के आधार पर पूर्व में दी गई छात्र संख्या सीट के अनुसार विभिन्न कक्षाओं के लिये छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा। यदि प्राचार्य महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र सं में सीट की वृद्धि चाहते है तो वे 30 अप्रैल तक अपना प्रस्ताव उच्च शिक्षा संचालनालय को प्रेषित करें। "उच्च शिक्षा संचालनालय/ उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त होने पर ही बढ़े हुये स्थान के अनुसार प्र की कार्यवाही करें।"

3.2 विधि स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाओं में बार कौंसिल द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनु अधिकतम 80 विद्यार्थियों को ही प्रति सेक्शन (अधिकतम 4 सेक्शन) में प्रवेश गुणानुक्रम के आधार पर जावे। सम्बद्ध वि.वि./स्वशासी महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक कक्षा के लियेअध्यापन के विषय/विषयसमूह निर्धारण किया गया है। प्राचार्य अपने महाविद्यालयों में उन्हीं निर्धारित विषय/विषय समूह में निर्धारित संख्या के अनुसार ही प्रत्येक कक्षा में आवेदकों को प्रवेश देंगें।

## 4. प्रवेश सूची :

4.1 प्राचार्य द्वारा प्रवेश शुल्क जमाकरने की निर्धारित अंतिम तिथि की सूचना देते हुए, प्रवेश हेतु च विद्यार्थियो की अर्हकारी परीक्षा में प्राप्तांको एवं जहां अधिभार देय है, वहां अधिभार देकर कुल प्राप्तांक गुणानुक्रम सूची, प्रतिशत अंक सहित, सूचना पटल पर लगायी जायेगी।

4.2 प्रवेश समिति द्वारा आवश्यक संलग्न प्रमाण पत्रों की प्रतियों को मूल प्रमाण पत्रों से मिलान कर प्रम किये जाने एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करने के पश्चात ही प्रवेश शुल्क जमा कर अनुमति दी जावेगी। प्रवेश देने के तत्काल बाद स्थानांतरण प्रमाण पत्र पर ''प्रवेश दिया गया'' र मोहर लगाकर उसे रद्द करना चाहिये।

4.3 निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही महाविद्यालय में प्रवेश मान्य होगा। प्रवेश के पश्चात स्थानांतरण पत्र की मूल प्रति को निरस्त की सील लगा कर अनिवार्य रूप से निरस्त कर दिया जाए।

4.4 घोषित प्रवेश सूची की शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि के बाद स्थान रिक्त होने पर सभी कक्ष नियमानुसार प्रवेश हेतु विलंब शुल्क रूपये 100/–अशासकीय मद में अतिरिक्त रूप से वसूला ज तथापि ऐसे प्रकरणों में 30 जुलाई के पश्चात प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

4.5 स्थानांतरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) के आधार पर प्रवेश नहीं दिया जाये । स्थानांतरण पत्र खो जाने की स्थिति में निकटस्थ पुलिस थाने में एफ.आई.आर. दर्ज किया जाय। पुलिस थाने की एवं पूर्व प्रवेश प्राप्त संस्था से अधिकृत रिपोर्ट जिसमें मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र का अनुक्रमांक एवं का उल्लेख हो, प्राप्त होने की स्थिति में ही प्रवेश दिया जा सकता है। इस हेतु विद्यार्थी से वचन पत्र जाये।

4.6 महाविद्यालय के प्राचार्य स्थानांतरण प्रमाण पत्र जारी करने के साथ–साथ छात्र से संबंधित गोपनीय

जारी करेंगे कि संबंधित छात्र रैगिंग/अनुशासनहीनता/तोड़फोड़ आदि में संलिप्त है या नहीं रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में बंद कर महाविद्यालय के प्राचार्य को प्रेषित करेंगे जहां कि छ लिये आवेदन किया है।

## 5. प्रवेश की पात्रता :

### 5.1 निवासी एवं अर्हकारी परीक्षा :

क. छत्तीसगढ़ के मूल/स्थायी, छ.ग. में स्थायी सम्पत्तिधारी निवासी/राज्य या केन्द्र सरकार कर्मचारी, अर्धशासकीय कर्मचारी तथा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के कर्मचारी, राष्ट्रीयकृत बैंक सरकार द्वारा संचालित व्यवसायिक संगठनों के कर्मचारी जिनका पंदाकन छत्तीसगढ़ में पुत्र/पुत्रियों एवं जम्मू कश्मीर के विस्थापितो तथा उनके आश्रितो को ही शासकीय महाविद्या दिया जाएगा। उपरोक्तानुसार प्रवेश देने के पश्चात भी स्थान रिक्त होने पर अन्य राज्यों के बोर्ड एवं अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियो को नियमानुसार गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश दि है।

ख. सम्बद्ध वि.वि. से या सम्बद्ध वि.वि. द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों और वि.वि. से अर्हकारी आवेदकों को ही महाविद्यालय में प्रवेश की पात्रता होगी।

